हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 14 अगस्त 2025, समय 1810 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

- राष्ट्र उन्नासीवें स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाने के लिए पूरी तरह तैयार- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को सम्बोधित करेंगे।
- फरीदाबाद में राज्य स्तरीय विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस समारोह का आयोजन कर 14 अगस्त को शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने फरीदाबाद ज़िले में 29 विकास परियोजनाओं का उद्धघाटन व् शिलान्यास किया।
- पंचकुला में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गई।

*********

राष्ट्र, उन्यासीवें स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए तैयार है। स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में लाल किले के प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करेंगे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं। इसके लिए अर्धसैनिक बलों की टुकड़ियों को राजधानी में तैनात किया गया है। 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 210 पंचायत नेता नई दिल्ली में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

*********

फरीदाबाद में आज राज्य स्तरीय विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस समारोह का आयोजन कर विभाजन का दंश झेलने वाले लोगों को याद किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत में शहीदों की स्मृति में मौन रखकर और स्वतंत्रता संग्राम व विभाजन के दौरान शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने समारोह में आए लोगों से कहा –

उन्होंने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस हमें देश के इतिहास के उस दर्दनाक अध्याय की याद दिलाता है, जब लाखों लोगों ने अपना घर-बार छोड़कर नए भारत में शरण ली।

उन्होंने कहा कि यह दिन नई पीढ़ी को देश की एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश देने का अवसर भी है।

इससे पहले केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने अपने सम्बोधन में कहा कि विभाजन का दर्द केवल इतिहास की किताबों में दर्ज नहीं, बल्कि लाखों परिवारों की पीढ़ियों में आज भी जीवित है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि विभाजन की पीड़ा को शब्दों में बयान करना कठिन है-

कार्यक्रम में पंचनद सेवा न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज सहित कई नेता और गणमान्य लोगों ने त्रासदी के शिकार लोगों को नमन किया।

***********

पानीपत में भी आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया। पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने विभाजन की त्रासदी में शहीद हुए सभी लोगों को नमन किए और पीड़ितों के प्रति गहन संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस 1947 की उस भीषण त्रासदी की स्मृति है, जब असंख्य लोग शोषण, पीड़ा और विस्थापन की अमानवीय यातना के शिकार हुए। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री महिपाल □ांडा ने भी इस त्रासदी में शहीद हुए लोगो को नमन करते हुए गहरी संवेदनाएं प्रकट की।

**********

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज फरीदाबाद जिले में 564 करोड़ 27 लाख रुपये की लागत वाली 29 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

इनमें 61 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत वाली 7 परियोजनाओं का उद्घाटन और 433 करोड़ 15 लाख रुपये की लागत वाली 22 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

मुख्यमंत्री ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बदोली में 3 करोड़ 24 लाख रुपये, राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एन.आई.टी.-1 में 3 करोड़ 14 लाख रुपये और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तिगांव में 3 करोड़ 96 लाख रुपये की लागत से बने नए भवनों का उद्घाटन किया। इसके

साथ ही मुख्यमंत्री ने सेक्टर-23 के राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बल्लभगढ़ में एक करोड़ रुपये व बल्लभगढ़ के सेक्टर-22 के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 4 करोड़ 42 लाख रुपये की लागत से बने भवनों का उद्घाटन किया।

श्री नायब सिंह सैनी ने ग्रामीण कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए गांव महावतपुर में यमुना नदी पर 3 करोड़ 16 लाख रुपये की लागत से बने पैंटून ब्रिज और खेड़ी गुजरां में 42 करोड़ 28 लाख रुपये की लागत से 66 किलो वोल्ट के सब-स्टेशन के शुभारंभ सहित अन्य कई परियोजनाओं का शिलान्यास किया।जिनमें स्कूल भवनों, स्वास्थ्य और खेल सुविधाओं व सड़कों का शिलान्यास शामिल है।

**********

स्वतंत्रता दिवस एवं विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में आज पंचकूला में हरियाणा योग आयोग एवं पी.एम. श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में "तिरंगा यात्रा" का आयोजन किया गया।

"हर घर तिरंगा अभियान" के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय की लगभग 500 छात्राओं एवं अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को प्रबल करना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाना था। तिरंगा यात्रा विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर सेक्टर-15 मार्केट मार्ग से होती हुई पुनः विद्यालय में संपन्न हुई। इस अवसर पर आयोग के अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य ने कहा –

***********